## सार.समाचार

### महिला का मोबाइल झपटा, तीन पकड़ाए

**इंदौर, दबंग रिपोर्टर।** अन्नपूर्णा में मोबाइल स्नेचिंग की वारदात करने वाले तीन आरोपियों को क्राइम ब्रांच एवं अन्नपूर्णा पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही में गिरफ्तार किया। आरोपियों से मोबाइल फोन बरामद हुआ है। आरोपियों के नाम पप्पू पिता सावन गुजराती निवासी हवा बंगला, बब्बू उर्फ अभिषेक पिता श्याम गुजराती निवासी हवाबंगला और ओमप्रकाश पिता रंजू सिंह जाधव निवासी बुद्ध नगर मल्टी है। पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि तीन युवक चोरी का मोबाइल बेचने के लिए कस्टमर ढूंढ रहे है। बदमाशों ने दो माह पूर्व अन्नपूर्णा क्षेत्र में महिला के हाथ से झपट्टा मारकर मोबाइल लूटा था।

### बाणगंगा में नाबालिगों की गैंग ने उत्पात मचाया

**इंदौर, दबंग रिपोर्टर।** बुधवार रात बाणगंगा में नशेड़ी नाबालिगों ने खासगी का बगीचा में हंगामा कर लोगों के साथ मारपीट करते हुए वाहन गिरा दिए। हंगामे की सूचना आने के बाद बाणगंगा पुलिस ने केस दर्ज कर नाबालिगों की तलाश शुरू कर दी। मिली जानकारी के अनुसार नाबालिगों का कश्यप परिवार के युवकों से विवाद हुआ था। बदला लेने के लिए नाबालिगों ने उत्पात मचाया।

### स्कूली छात्रा ने जहर खाकर सुसाइड किया

**इंदौर, दबंग रिपोर्टर।** 11वीं क्लास की छात्रा ने चार दिन पूर्व जहर खा लिया था। इलाज के दौरान गुरुवार सुबह उसकी मौत हो गई। मृतिका का नाम भूमि सुनहरे (16) निवासी गांधी नगर है। भूमि दो महीने से स्कूल भी नहीं जा रही थी। परिजन का कहना है कि भूमि ने किस कारण जहर खाया उन्हें नहीं पता। घरवालों से उसका किसी भी बात पर विवाद नहीं हुआ था। गांधी नगर पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।



### वाट्सएप पर एंड लिखकर जिंदगी का अंत किया

**इंदौर, दबंग रिपोर्टर।** एरोड्रम में रहने वाले युवक ने आत्महत्या करने से पहले वाट्सएप प्रोफाइल पर एंड लिखा फिर जहर खा लिया। एमवाय अस्पताल में युवक की मौत हो गई। मृतक का नाम लखन (23) निवासी अखंड नगर है। लखन के परिजन ने बताया कि उसकी पत्नी मायके गई हुई थी। कुछ महीने पहले उसकी शादी हुई थी। घर पर अकेला था, जहर खाने के बाद पड़ोसियों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। एरोड्रम पुलिस जांच में जुटी है।

### वृद्ध महिला लापता

**इंदौर, दबंग रिपोर्टर।** एमवाय अस्पताल के पीछे चाय दुकान चलाने वाली महिला अचानक लापता हो गई। महिला का नाम जयश्री बैराल (52) निवासी कान्हा विहार कॉलोनी है। बेटे कुणाल ने बताया कि मां जयश्री 25 तारीख के दिन चाय की दुकान से चली गई थी। आसपास तलाश किया, लेकिन नहीं मिली। रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज देखे तो मां एक ट्रेन में बैठती नजर आई। जीआरपी पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई है।



#### न्यूड वीडियो कॉल रिकॉर्ड कर मांग रहे थे रुपए

# बुजुर्ग स्टोर मैनेजर की मौत के गुनहगार भरतपुर से गिरफ्तार

इंदौर » दबंग रिपोर्टर

क्राइम ब्रांच और राजेंद्र नगर पुलिस टीम राजस्थान के भरतपुर जिले से सेक्सटॉर्शन गैंग के चार सदस्यों को पकड़कर इंदौर लाई। चारों आरोपी आईपीएस कॉलेज के स्टोर मैनेजर विलास दलवी (63) का न्यूड वीडियो कॉल रिकॉर्ड कर रुपयों की मांग कर रहे थे। बदनामी के डर से स्टोर मैनेजर ने कॉलेज के क्वार्टर में फांसी लगाकर जान दे दी थी।



आरोपियों के नाम रईस निवासी ग्राम मुड़िया जिला भरतपुर, जीशान उर्फ बिल्ला पिता मेहजर निवासी ग्राम भूतका जिला भरतपुर, यासिब पिता अहमद निवासी बनेनी जिला भरतपुर और हारून पिता संपत खान निवासी ग्राम मुड़िया जिला भरतपुर राजस्थान है। पुलिस सायाबर सेल की मदद से आरोपियों तक पहुंची। आरोपियों ने बताया कि फर्जी सिम कार्ड लेकर महिलाओं के नाम से सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर फेक प्रोफाइल्स तैयार कर लोगों को फंसाते फिर समाज में बदनाम करने का डर दिखाकर ब्लैकमेल कर ऑनलाइन रुपए वसूलते। अब तक अनगिनत लोगों को शिकार बनाया और लाखों रुपए वसूले।

आरोपियों ने मैट्रिमोनियल साइट जीवनसाथी डॉट कॉम पर कुसुम नामक महिला का फर्जी प्रोफाइल बनाकर स्टोर मैनेजर विलास दलवी से दोस्ती की। महिला बनकर वाट्सएप पर दलवी का न्यूड वीडियो कॉल रिकॉर्ड कर उन्हें वाट्सएप पर भेजकर वायरल करने की धमकी दी। आरोपियों ने दलवी को ऑनलाइन रुपए ट्रांसफर करने के लिए कहा। इज्जत खराब होने के डर से दलवी ने अपने मित्र को कॉल पर पूरी बात बताकर 10 सितंबर को आईपीएस कॉलेज के क्वार्टर में फांसी लगा ली। सेक्सटॉर्शन गैंग का मास्टरमाइंड रईस है। गैंग झारखंड-पश्चिम बंगाल के फ्रॉड गिरोह की तरह काम करती थी। मोबाइल नंबर्स की लिस्ट निकालकर हजारों लोगों को कॉलिंग करते। फिर ठगी के बाद सिम तोड़कर फेंक देते। पुलिस आरोपियों से आगे की पूछताछ के बाद उन्हें कोर्ट में पेश करेगी।

### राऊ व लसूड़िया क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात

**इंदौर, दबंग दुनिया रिपोर्टर।** सूने मकानों में घुस कर बदमाशों ने चोरी की वारदात की। यह वारदात राऊ व लसूड़िया थाना क्षेत्र में हुई है। फिलहाल बदमाशों का कुछ पता नहीं चल सका है। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। राऊ पुलिस के मुताबिक रिटायर उप निरीक्षक राम सिंह नायक ने पुलिस को बताया कि उनके रिश्तेदार न्यू बृजबिहार कॉलोनी में रहते है। उनके घर पर ताला लगा हुआ था। अज्ञात बदमाशों ने उनके घर का ताला तोड़कर सोने, चांदी के आभूषण व रुपए चुरा लिए। दूसरी वारदात स्कीम नंबर 78 में रहने वाले रोहित राजपूत के घर हुई। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह घर पर ताला लगाकर परिवार के साथ बाहर गए हुए थे। वह जब घर लौटे और देखा तो चोरी होने का पता चला। बदमाशों ने उनके घर से हजारों रुपए का सामान, सोने, चांदी के आभूषण व 30 हजार रुपए सहित लाखों का माल चुरा लिया।

## आउट सोर्स कंपनी के कर्मचारी ने रुपए ठगे

#### राऊ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज किया

इंदौर » दबंग रिपोर्टर

आउट सोर्स कंपनी के कर्मचारी ने लोगों से बिजली बिल के रुपए लेकर ठगी की। राऊ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

राऊ पुलिस के मुताबिक राम देशमुख निवासी गोयल नगर ने पुलिस को बताया कि दुर्गेश ठाकुर निवासी किशनगंज आउट सोर्स कंपनी का कर्मचारी है। वह एमपीईबी कार्यालय रंगवासा के लिए बिजली बिल पेमेंट कलेक्शन का काम करता था। आरोपी दुर्गेश ने लोगों से बिजली बिल के नाम पर रुपए लेकर ठगी की। आरोपी ने 1.29 लाख रुपए लोगों से लिए थे। राम देशमुख की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी दुर्गेश ठाकुर के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## मंदिर में नवजात बच्चे को छोड़कर भागा

#### अज्ञात के खिलाफ किया केस दर्ज

इंदौर » दबंग रिपोर्टर

मंदिर में नवजात बच्चे को छोड़कर अज्ञात आरोपी भाग गया। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

मल्हारगंज पुलिस के मुताबिक महेंद्र राठौर जयभवानी नगर ने पुलिस को बताया कि वह अंतिम चौराहे स्थित भोलेनाथ के मंदिर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने देखा की अज्ञात व्यक्ति एक नवजात बच्चे को मंदिर में रख कर चला गया था। फिलहाल उक्त व्यक्ति का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## मध्यप्रदेश के वासी है, यह गौरव की बात- राठौर



इंदौर » दबंग रिपोर्टर

हम मध्यप्रदेश के वासी है, यह गौरव की बात है और इस गौरव को हमें अनुभूत भी करना होगा। साथ ही मध्य प्रदेश के पर्यावरण का संरक्षण एवं संवर्धन भी हमें ही करना होगा। उक्त विचार अपर कलेक्टर राजेश राठौर ने जिला प्रशासन इंदौर एवं पर्यावरण, संरक्षण अनुसंधान एवं विकास केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहे।

मध्यप्रदेश स्थापना के 67 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संपूर्ण मध्यप्रदेश में साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रमों की श्रृंखला में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागृति हेतु संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विविध पर्यावरण विशेषज्ञों ने ऊर्जा संरक्षण वायु संरक्षण जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता आदि विषयों पर शहर के प्रबुद्धजनों एवं विद्यार्थियों को संबोधित किया। विषय प्रवर्तन करते हुए सीईपीआरडी के सचिव एवं सुप्रसिद्ध शिक्षाविद डॉ. रमेश मंगल ने सभागार में उपस्थित युवाओं की संख्या पर प्रसन्नता व्यक्त की एवं कहा कि वे ही पर्यावरण के सच्चे रक्षक हैं।

समाजसेवी एवं उपाध्यक्ष डॉ. अनिल भंडारी ने विषय विशेषज्ञ के रूप में संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला एवं विद्यार्थियों को जागरूक किया। इस अवसर पर आपने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलवाई। पर्यावरणविद डॉ. ओ.पी. जोशी ने गिरते भू-जलस्तर पर चिंता जाहिर की एवं इसे रोकने हेतु उपाय बताए। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दिलीप वागेला ने प्राकृतिक साधनों से वातावरण को ठण्डा बनाये रखने एवं विद्युत चलित यंत्रों पर निर्भरता घटाने पर बल दिया। ऊर्जा विशेषज्ञ डॉ. संजय सिंह ने विधार्थियो को ऊर्जा संरक्षण के लिए नवीन विकल्प बताए। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा के नोडल अधिकारी डॉ. मनोहरदास सोमानी एवं प्रीतमलाल दुआ भी विशेष अतिथि के रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर महाविद्यालय के निदेशक नरेन्द्र कुशवाह द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया।

# अक्टूबर में 89 फ्लाइट बढ़ी, 24 हजार यात्री


#### इस साल का सर्वाधिक यात्रियों का दूसरा महीना

इंदौर » दबंग रिपोर्टर

अक्टूबर महीने में इंदौर से 89 फ्लाइट बढ़ीं, वहीं 24 हजार से ज्यादा यात्रियों की भी बढ़ोतरी हुई है। यात्रियों की इस बढ़ोतरी के साथ यह महीना इस साल का दूसरा सर्वाधिक यात्रियों वाला महीना बन गया है।

जानकारी के मुताबिक अक्टूबर माह में इंदौर से जाने और आने वाली कुल 1924 फ्लाइट्स का संचालन हुआ। इनमें कुल 2 लाख 28 हजार 273 यात्रियों ने सफर किया। सितंबर से तुलना करें तो अक्टूबर में कुल 1835 फ्लाइट संचालित हुई थीं और इनसे 2 लाख 4 हजार 45 यात्रियों ने सफर किया था। इस तरह सितंबर की अपेक्षा अक्टूबर में 89 फ्लाइट बढ़ने के साथ ही 24 हजार 228 यात्री भी बढ़े हैं। प्रतिशत में देखें तो सितंबर की अपेक्षा अक्टूबर में 5 प्रतिशत उड़ानों की और 11 प्रतिशत यात्रियों की बढ़ोतरी हुई है।

इस साल जनवरी से अक्टूबर तक अक्टूबर इस साल का दूसरा सबसे ज्यादा यात्रियों वाला महीना रहा है। इससे पहले मई में इंदौर से 2 लाख 28 हजार 768 यात्रियों ने सफर किया था, जो अक्टूबर से सिर्फ 495 ज्यादा हैं, जबकि मई में



2115 उड़ानों का संचालन हुआ था, जो अक्टूबर की अपेक्षा 191 ज्यादा हैं। अक्टूबर को पिछले छह माह का सर्वाधिक यात्री वाला महीना भी कहा जा सकता है, जबकि साल की शुरुआत में कोरोना के कारण इंदौर से सिर्फ 1 लाख 20 हजार 32 यात्रियों ने ही सफर किया था। अक्टूबर में उड़ानों और यात्रियों के आंकड़े देखें तो सामने आता है कि अक्टूबर में रोजाना औसत 62 उड़ानों का संचालन हुआ है और इनसे रोजाना 7364 यात्रियों ने सफर किया है। इस दौरान इंदौर एयरपोर्ट पर सुबह 6 बजे से रात 11.30 बजे के बीच उड़ानों का संचालन होता था, यानी रोजाना साढ़े 17 घंटे। यानी इस तरह औसत हर 17 मिनट में एक फ्लाइट का संचालन इस दौरान हुआ। अक्टूबर में इस बार नवरात्रि, दशहरा और दिवाली जैसे सभी त्योहार शामिल थे। इस कारण इस महीने में काफी छुटिटयां भी थीं। इसलिए यात्रियों की संख्या में काफी बढ़ोतरी देखने को मिली है।

## करुणा सुसाइड केस में पति और पड़ोसियों के लिए बयान

**इंदौर दबंग रिपोर्टर।** आर्थिक तंगी और कर्जदारों की धमकियों के दबाव में आत्महत्या कर चुकी करुणा शर्मा केस में लसूड़िया पुलिस ने मृतका के पति गौतम शर्मा और पड़ोसियों के बयान दर्ज किए। बयान में गौतम ने बताया कि अत्रिवाल दंपति, मोना शर्मा और आदित्य अग्रवाल से मिल रही धमकियों के बाद करुणा ने जान दी। आरोपी बनाकर केस दर्ज कर करुणा को न्याय दिया जाए। उधर, पुलिस ने अत्रिवाल दंपति, मोना शर्मा और आदित्य अग्रवाल को भी बयान देने थाने बुलाया है। पुलिस करुणा का मोबाइल फोन और मोबाइल रिकाड्र्स खंगाल रही है। किस-किस से कितने रुपए का लेनदेन था यह भी पता किया जा रहा है।

## युवा सेल के गठन में प्रतिनिधि नियुक्त करने की अनुशंसा

**इंदौर।** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 3 के अंतर्गत अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में मुख्यमंत्री की घोषणा के क्रियान्वयन के लिए महाविद्यालय में युवा सेल अंतर्गत समिति का गठन किया जाना है। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि के सदस्य रूप में मेहुल पिता सुरेन्द्र हार्डिया निवासी आनन्द नगर को प्रतिनिधि नियुक्त करने की अनुशंसा की है।



## घर में घुसकर नाबालिग से की छेड़छाड़

#### परदेशीपुरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज किया केस

**इंदौर, दबंग दुनिया रिपोर्टर।** घर में घुसकर एक बदमाश ने नाबालिग के साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी ने नाबालिग को धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

परदेशीपुरा पुलिस के मुताबिक नाबालिग अपने परिजन के साथ थाने पहुंची। परिजन ने पुलिस को बताया कि नाबालिग घर में अकेली काम कर रही थी। तभी वहां पर घर के पास ही रहने वाला जयेश नामक युवक पहुंच गया। उसने घर में घुसकर नाबालिग के साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर उसने नाबालिग को जान से मारने की धमकी दी। परिजन घर पहुंचे तो नाबालिग ने उन्हें घटना की जानकारी दी। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ व धमकाने का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## मारपीट करने वाले आरोपी को तीन वर्ष का कारावास

**इंदौर।** जिला लोक अभियोजन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव ने बताया दिलीपसिंह परमार, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी इंदौर ने थाना परदेशीपुरा के अपराध क्रमांक 730/2021 में निर्णय पारित करते हुए आरोपी हेमराज को 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्रीमती सुशीला दहीकर द्वारा की गई। अभियोजन कहानी संक्षेप में इस प्रकार है कि हेमू नाम का लड़का फरियादी से शराब पीने के लिए 500 रुपए मांगे। फरियादी ने पैसे देने से मना किया तो आरोपी ने मारपीट की।


## पश्चिम रेलवे

सामग्री प्रबंधन विभाग

विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति

ई-प्रोक्योरमेंट टेंडर नोटिस नंबर एस/34/2022 दिनांक 03/11/2022

| एस.एन. | आइटम का संक्षिप्त विवरण | संख्या | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 541 | स्टेप साइज थ्रोअर का सेट | 11 Set | 14-Nov-22 |
| 542 | बॉम्बार्डियर के लिए डी साइड के लिए एंड शील्ड बनाओ ट्रैक्शन मोटर टाइप MJC280- 1 | 9 Nos | 15-Nov-22 |
| 543 | आईएबीपी (इंट्रा एओर्टिक बलून पंप) डीएसए के लिए कैथ लैब | 1 No | 15-Nov-22 |
| 544 | टेप चेंजर के लिए IOH रखरखाव किट | 45 Set | 16-Nov-22 |
| 545 | सर्वोप्लेक्स SHC-120 | 7434 Kg | 21-Nov-22 |
| 546 | VRLA बैटरी 2V/300 AH | 2460 Nos | 25-Nov-22 |
| 547 | फ्लेक्सिबल पॉली विनाइल क्लोराइड [पीवीसी] फ़्लोरिंग शीट | 538 Nos | 28-Nov-22 |
| 548 | एलएमएलए सेकेंडरी सेल कैप। 2वी/80एएच | 2550 Nos | 28-Nov-22 |
| 549 | उच्च विश्वसनीयता उपलब्धता एकल खंड डिजिटल एक्सल काउंटर | 26 Set | 30-Nov-22 |
| 550 | इलेक्ट्रिक प्वाइंट मशीन आईआरएस प्रकार 143 मिमी | 327 Nos | 05-Dec-22 |
| | रिवर्स नीलामी | | |
| 23 | 6V, 120AH क्षमता VRLA सेल। | 902 Set | 18-Nov-22 |

विस्तृत नोटिस ईएमडी, खरीद प्रतिबंध और विस्तृत के संबंध में निविदा शर्तों, कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं और www.wr.indianrailways.gov.in

प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक के लिए

0558

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें : twitter.com/WesternRly



Yellow Diamond®

## PRATAAP SNACKS LIMITED

Registered and Corporate Office: Khasra No. 378/2, Nemawar Road, Near Makrand House, Palda, Indore, Madhya Pradesh, 452020, India
Tel: (91 731) 243 9999; Fax: (91 731) 243 7605, CIN: L15311MP2009PLC021746, Website: www.yellowdiamond.in, E-mail: complianceofficer@yellowdiamond.in

### EXTRACT OF UNAUDITED CONSOLIDATED IND AS FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF-YEAR ENDED 30TH SEPTEMBER, 2022

(INR in lakhs except as stated)

| PARTICULARS | QUARTER ENDED | | | HALF-YEAR ENDED | | YEAR ENDED |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30.09.2022 Unaudited | 30.06.2022 Unaudited | 30.09.2021 Unaudited | 30.09.2022 Unaudited | 30.09.2021 Unaudited | 31.03.2022 Audited |
| Total revenue from operations | 45,728.43 | 38,257.12 | 37,058.21 | 83,985.55 | 65,020.13 | 1,39,661.93 |
| Net profit for the period (before Tax, exceptional and/ or extraordinary items) | 516.16 | (1,573.57) | 1,736.72 | (1,057.41) | 1,519.18 | 1,154.82 |
| Net profit for the period before tax (after exceptional and/ or extraordinary items) | 516.16 | (1,573.57) | 1,736.72 | (1,057.41) | 1,519.18 | (238.94) |
| Net profit for the period after tax (after exceptional and/ or extraordinary items) | 424.17 | (1,138.73) | 1,469.27 | (714.56) | 1,309.78 | 290.90 |
| Total comprehensive income for the period [comprising profit for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | 449.52 | (1,122.56) | 1,471.73 | (673.04) | 1,312.67 | 314.01 |
| Paid-up equity share capital - Face value INR 5 each | 1,172.65 | 1,172.65 | 1,172.65 | 1,172.65 | 1,172.65 | 1,172.65 |
| Other equity (as shown in the audited balance sheet of the previous year) | | | | | | 61,252.82 |
| Earnings per share of INR 5 each (Not Annualised) | | | | | | |
| Basic - INR | 1.81 | (4.86) | 6.26 | (3.05) | 5.58 | 1.24 |
| Diluted - INR | 1.81 | (4.86) | 6.26 | (3.05) | 5.58 | 1.24 |

Notes:

1 The above consolidated Ind AS financial results of the Group have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meetings held on 3 November 2022.

2 The Group has determined 'Snacks Food' as a reportable segment as evaluated by the chief operating decision maker for allocation of resources and assessing the performance. There are no other reportable segment as per Ind AS 108 'Operating Segment'. Accordingly, no separate segment information has been provided.

3 During the quarter ended 30 September 2022, the Holding Company has distributed dividend of INR 0.50 per equity share amounting to INR 117.27 lakhs as approved by shareholders in their annual general meeting on 3 August 2022 for the financial year 2021-22.

4 The Group vide letter dated 3 December 2021 received approval under the Production Linked Incentive Scheme ('PLI') introduced by Ministry of food processing industries (MOFPI). The approval has been granted under ready to cook/ ready to eat (RTC/ RTE) segment of the aforesaid scheme. The Incentive under the scheme is subject to meeting certain conditions related to defined incremental sales thresholds and committed investment for eligible products. The Group believes that it will be able to comply with all the required conditions attached to the scheme and shall be eligible for the incentive under this scheme for the financial year ending 31 March 2023. Accordingly, the Group has recognised PLI Incentive of INR 365.70 lakhs under other operating income during the quarter ended 30 Sep 2022 and INR 790.39 lakhs for the period ended 30 Sep 2022.

5 There was a fire accident in one of the Holding Company's plants situated at Howrah, West Bengal, on 3 November 2021. The fire severely impacted the building, plant & machinery, leasehold improvements, and inventories lying at the plant; however, there were no human casualties. The total impact of this event was INR 1,393.76 lakhs. Considering the nature of the event and magnitude of impact, this amount was disclosed as an exceptional item in the statement of profit and loss for the year ended 31 March 2022. Pending completion of survey and acceptance of claim by the insurance company, the insurance claim receivable has not been recorded in the statement of profit and loss.

6 The Code on Social Security 2020 has been notified in the Official Gazette on 29 September 2020. The effective date from which the changes are applicable is yet to be notified and the rules are yet to be framed. Impact if any of the change will be assessed and accounted in the period in which the said Code becomes effective and the rules framed thereunder are notified.

7 Unaudited Standalone Ind AS Financial Results for the Quarter Ended 30 September 2022 are available on the Holding Company's website i.e. www.yellowdiamond.in under Investor Information section and on the stock exchange websites i.e. www.bseindia.com and www.nseindia.com. The key standalone Ind AS financial information are as under:

(INR in lakhs)

| PARTICULARS | QUARTER ENDED | | | HALF-YEAR ENDED | | YEAR ENDED |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30.09.2022 Unaudited | 30.06.2022 Unaudited | 30.09.2021 Unaudited | 30.09.2022 Unaudited | 30.09.2021 Unaudited | 31.03.2022 Audited |
| Total revenue from operations | 40,521.50 | 33,016.18 | 32,807.84 | 73,537.68 | 56,679.73 | 1,22,336.80 |
| Profit before tax | 351.68 | (1,172.09) | 1,730.69 | (820.41) | 1,854.44 | 609.42 |
| Profit after tax | 317.18 | (838.62) | 1,455.11 | (521.44) | 1,557.82 | 925.17 |

For **Prataap Snacks Limited**

Place: Indore
Date: 03rd November 2022

**Amit Kumat**
**Managing Director and Chief Executive Officer**

ANIL PUB.